सार-समाचार

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बून्दी (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के बैनर तले चिकित्सा विभाग के प्लेसमेंट एवं संविदा कर्मचारियों ने न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर श्रम विभाग के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार मानदेय देने हेतु जिला कलेक्टर बून्दी अक्षय गौदारा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संविदा निविदा एवं मानदेय कर्मचारी संघ एकीकृत जिला अध्यक्ष अमित गौतम ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा श्रम विभाग के गजट नोटिफिकेशन में कर्मचारियों का मानदेय 26 एवं 29 रुपए बढ़ाया गया था, जो की 1 जनवरी 2023 से ही लागू किया गया था। जो कि अभी तक भी चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है यह सभी कर्मचारी राजस्थान सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में कार्यरत है। कोरोना कल में भी इन सभी कर्मचारियों ने बिना अपनी जान की परवाह किए बगैर राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार कार्य किया। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री महोदय के नाम ज्ञापन देकर श्रम विभाग द्वारा नियत दरों पर मानदेय देने हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के दौरान जिला महामंत्री ऋतुराज सिंह, उत्कर्ष दाधीच, प्रतीक, गिरिराज, आतिश वर्मा, नितेश सरोजस, प्रतीक विजयवर्गीय मोना राधिका नरेश नवीन शेखर राजेंद्र सेन और भी कहीं संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारी मौजूद रहे।

वार्षिक अधिवेशन 30 नवम्बर को

कोटा, (निसं)। इण्डियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन, राजस्थान चैप्टर का 31वाँ वार्षिक अधिवेशन 30 नवम्बर को कोटा के यूआईटी ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में पूरे प्रदेशभर से लगभग 240 एवं राजस्थान के बाहर से भी संकाय सदस्य भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त राजस्थान के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों से रेडियोलोजी के स्नातकोत्तर चिकित्सक विद्यार्थी, अपने अपने अनुसंधान पर शोध पत्र पढ़ेंगे। अधिवेशन की आयोजन समिति की अध्यक्षा डॉ.संगीता सक्सेना ने बताया कि दो दिवस तक सभी रेडियोलॉजिस्ट, रोग के निदान में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न पद्धतियों व आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर मंथन करेंगे। देश व विदेश से आये विशेषज्ञ इंटरवेंशनल रेडियोलोजी, एंडोवास्कुलर इंटरवेंशन, लिवर एलास्टोग्राफी, थ्री व फॉर डी तकनीक अल्ट्रासनोग्राफी, इम्यून मीडियेटेड डिजीस, मास्क्यूलोस्केटल इमेजिंग पर व्याख्यान देंगे।

युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

छबड़ा (निसं)। पाली थाना क्षेत्र के बिशनखेडा गांव के जंगलों में गुरुवार को एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से हडकंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के परिजनों द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर देने पर षव परिजनों को सौंप दिया। हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र गालव के अनुसार बिशनखेडा के जंगलों में गुरुवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा मृतक के कपड़ों व उसके पास मिले मोबाइल के आधार पर मृतक की शिनाख्त बिशनखेडा टोकराकट निवासी भारतसिंह लोधा (40) पुत्र जगन्नाथ लोधा के रूप में हुई। मृतक के परिजनो ने आत्महत्या की आशंका जताई है। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदि था और लगभग डेढ महीने से घर लापता था।

जागरुकता शिविर में शपथ दिलाई

अंता (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बारां के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति अंता द्वारा' बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय नीलकंठ कॉलोनी अंता मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में बाल विवाह निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन करने और इसके खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया तथा अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओ से इस मुहिम में शामिल होकर बाल विवाह रोकने के अभियान को मजबूत बनाने की अपील की एवं बाल विवाह नहीं करने और कराने व ऐसे किसी भी समारोह में नहीं जाने की शपथ तालुका विधिक सेवा समिति अं ता सचिव एकता मीणा ने दिलाई।

विभिन्न क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी

छबड़ा (निसं)। 132 केवी दीगोद सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को सब स्टेशन से संचालित समस्त 33/11 केवी जीएसएस से संचालित ग्रामीण फिडरों की विद्युत सप्लाई 2 घंटे बंद रहेगी। वही, मूण्डला जीएसएस पर नवीन पावर ट्रांसफार्मर लगाने के चलते 6 घंटे समस्त फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता गणेश बंसल ने बताया कि 132 केवी दीगोद सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते उक्त सब स्टेशन से संचालित 33/11 केवी जीएसएस कडैयानोर, पाली व फलिया की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से 1 बजे तक बाधित रहेगी। वही 33/11 मुंडला जीएसएस पर पावर ट्रांसफार्मर लगाने के चलते आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मुंडला जीएसएस के समस्त फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज

बूंदी (निसं)। सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (एसएसएएटी), ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के तहत समग्र शिक्षा अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण के लिए ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को जिला परिषद स्थित सभा भवन में आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में वर्ष 2024-25 के कलस्टर सोशल ऑडिटर्स व ब्लॉक संसाधन व्यक्ति भाग लेंगें। प्रशिक्षण उपरांत ट्रेनर्स द्वारा समग्र शिक्षा विभाग के तहत संचालित विद्यालयों के रिकॉर्ड व कार्यों के भौतिक सत्यापन का सामाजिक अंकेक्षण किया जावेगा।

अंतिम तिथि पांच दिसंबर

छबड़ा (निसं)। राजकीय महाविद्यालय व श्री प्रेमसिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण की अंतिम तिथि अब 5 दिसंबर 2024 हो चुकी है। प्राचार्य अरविंद प्रतापसिंह के अनुसार राजकीय महाविद्यालय एवं श्री प्रेमसिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय छीपाबड़ौद में ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण की अंतिम तिथि अब 5 दिसंबर 2024 हो चुकी है ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अभी तक स्नातक भाग दिखाते एवं स्नातक भाग तृतीया की प्रवेश नवीनीकरण की फीस जमा नहीं कराई है। ऐसे विद्यार्थी 5 दिसंबर से पूर्व ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण की फीस जमा करवा सकते हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक

रावतभाटा, (निसं)। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूडी के मुख्य आतिथ्य में एक दिसंबर को आरपीएस कॉलोनी स्थित हॉट चौक ग्राउंड डेम रोड पर होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की वार्ड टू वार्ड बैठकों का दौर जारी रहा। बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूडी द्वारा उपखंड क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों पर चर्चा की गई। महिला नेता मेहरुन्निसा व राजैन्द कौर ने महिलाओं को वार्ड टू वार्ड जाकर पीले चावल बांटकर आम जनता को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई।

वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

कोटा, (निसं)। केबीएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए एक अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था ष्क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मानव का स्थान ले सकती है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सार्वजनिक बोलने की क्षमता को निखारना और उन्हें अपने विचारों व मतों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना सिखाना था।

फिजियोथैरेपी मशीन भेंट

कोटा, (निसं)। दी-रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर की कोटा शाखा द्वारा मनाये गये सहकार सप्ताह के तहत मंडल रेलवे चिकित्सालय को फिजियोथेरेपी मशीन भेंट की गई। जयपुर बैंक के डायरेक्टर मट्ठू लाल मीना एवं अनिता गोचर ने बताया कि दी. रेलवे एम्पलॉईज कॉ-ऑपरेटिव बैंक लिं, जयपुर द्वारा समय-समय पर कल्याणकारी कार्यों को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाये जाते हैं।

दो ग्राम स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए अभियान के तहत तुर्कीपाडा निवासी कमल मीणा को दो ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र गालव ने दी है।

खेल एवं युवा मामले शासन सचिव ने खेल सुविधाओं का जायजा लिया

कोटा, (निसं)। खेल एवं युवा मामले एवं अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर शासन सचिव डॉ. नीरज के.पवन ने कोटा में खेल मैदानों व सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने संभागीय खेल-कूद प्रशिक्षण केन्द्र, जेके पैवेलियन स्टेडियम, महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम, खेलो इंडिया सेंटर एवं केडीए की ओर से नवनिर्मित इंडोर हॉल, 3 करोड़ की लागत से स्थापित मल्टी जिम का निरीक्षण किया।

मल्टी जिम निरीक्षण के दौरान शासन सचिव ने खेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को शीघ्र जिम लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बालिका ऐकेडमी छात्रावास की खिलाड़ियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। खिलाड़ी बालिकाओं ने शासन सचिव से ट्रेक सूट उपलब्ध करवाने की मांग की। इस पर उन्होंने एक सप्ताह में ट्रेक सूट उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी खेल मैदानों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केडीए कोटा की ओर से नवनिर्मित इंडोर हाल में खिलाडियों को प्रशिक्षण दिए जाने के लिए विशेष अनुमति दिलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बालिका फुटबॉल अकादमी छात्रावास के लिए शीघ्र ही नया प्रस्ताव निदेशालय को भिजवाया जाए, ताकि स्थान अभाव की समस्या का समाधान किया जा सकें। उन्होंने कार्यरत सभी संविदा प्रशिक्षक से व्यक्तिगत वार्ता कर सभी को निर्देश दिए कि नियमित रूप से प्रशिक्षण जारी रखें।

साथ ही, अधिक से अधिक खिलाडियों को खेलों से जोडे। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि नियमित रूप से प्रशिक्षण दे रहे सभी केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह, बालिका फुटबॉल अकादमी की प्रभारी मधु चौहान, पूर्व खेल अधिकारी अब्दुल अजीज पठान, प्रभारी अधिकारी सवाईमाधोपुर, मीनू सोलंकी, शंभूदयाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



कोटा में खेल एवं युवा मामले शासन सचिव ने खेल मैदानों व सुविधाओं का जायजा लिया।

सभापति व आयुक्त से वार्ता के बाद 15 दिन में पट्टे जारी करने पर सहमति बनी

बून्दी (निसं)। भाजपा की सरकार बनने के उपरांत लगभग 11 माह में नगर परिषद बून्दी द्वारा एक भी पट्टा जारी नहीं करने एवं इस संबंध में समय समय पर जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी ऐसे लोगों को जो लगभग एक से डेढ वर्ष पूर्व पट्टे बनाने का आवेदन मय शुल्क समय पर जमा करवा चुके थे थे किंतु किंतु उनके पट्टे जारी नहीं किए जा रहे थे इस बात से व्यथित होकर पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन ने 3 दिन पूर्व नगर परिषद को भूख हडताल पर बैठने की चेतावनी दी थी। किंतु 3 दिन उपरांत भी जब उनको वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया गया तो पार्षद प्रेमप्रकाश एवरग्रीन नगर परिषद कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस भूख हडताल को समर्थन देने एवं क्रमिक अनशन पर बैठने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस के पार्षद, शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पट्टे से वंचित कई लोग धरना स्थल पर पहुंचे।

जिसमें उपसभापति लदूर भाई, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी, वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, देवराज गोचर, लोकेश ठाकुर, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, कस्तूरी वाई, इरफान इल्लू, हेमंत वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शंकरलाल बैरवा, अनवर हुसैन, शिवम गुजर, राजीव लोचन गौतम, जितेंद्र शर्मा, अनंत चंदेल, संजय शर्मा, मुकेश जैन, हारून खान, यासीन कुरैशी, आशिक अली, कन्हैयालाल बैरवा, महेंद्र बंजारा, रमेश गुर्जर, रिंकू पठान, पंकज मालव, महावीर बैरवा, सोनू गुजर, आशीष शर्मा, पुष्प चंद मीणा आदि शामिल थे।

पार्षद के भूख हडताल पर बैठने पर सभापति सरोज अग्रवाल, आयुक्त सतपाल मक्कड, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, भाजपा शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, पूर्व पार्षद संजय भूटानी, पार्षद प्रतिनिधि मनोज गौतम, पार्षद गोलू नायक, पूर्व पार्षद प्रेम प्रकाश जांगिड ने धरना स्थल पर आकर भूख हडताल पर बैठे पार्षद से समझाइश की एवं भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया। जिसमें शैलेश सोनी, उपसभापति लटूर भाई, टीकम जैन, देवराज गोचर, लोकेश ठाकुर, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, इरफान इलू, हेमंत वर्मा, कस्तूरी बाई ने सभापति एवं आयुक्त से चर्चा की। इस दौरान सभापति एवं आयुक्त एवं वार्ताकारों के बीच 15 दिन में पट्टे जारी करने का लिखित आश्वासन दिया गया।

'ठंड बढ़ने के साथ दिल के मरीज बढ़ेंगे, सावधानी बरतनी होगी'

छबड़ा (निसं)। सर्दी का मौसम आते ही सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादातर उन लोगों के लिए जिन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां हैं। ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामले भी बढ जाते हैं। इसकी वजह यह है कि ठंड के कारण खून की धमनियां सिकुड़ जाती हैं और इसी से ब्लड प्रेशर बढता है।

साथ ही इससे दिल को पूरे शरीर में खून पंप करने और गर्मी बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसके चलते छाती में दर्द होना, चक्कर आना, सांस लेने में परेशानी या बाजुओं और कंधों में असहजता हार्ट अटैक के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। इन्हें पहचानना बहुत जरूरी है ताकि सही समय पर सही कदम उठाया जा सके। प्रदूषण, ठंडी हवाएं और कम फिजिकल एक्टिविटी के कारण हार्ट पर दवाब पड़ने लगता है। जिससे हार्ट फेल होने के खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि दिल जब परेशान होता है, तो इशारे जरूर देता है। उन सिग्नल्स को यूं ही टाल देना सही नहीं है। खासतौर पर आजकल के मौसम में तो ऐसी लापरवाही बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। इन दिनों तेजी से मौसम बदल रहा है। एक तरफ पहाड़ों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ रही है तो दूसरी तरफ प्रदूषण भी हमला कर रहा है।

सर्दी हो या पॉल्यूशन दोनों ही दिल के दुश्मन हैं। जैसे-जैसे ठंड बढ़ती है। वैसे वैसे दिल पर प्रेशर पड़ता है। क्योंकि ठंड में आर्टरीज के सिकुड़ने से बीपी हाई होता है और हार्ट पर दबाव बढ़ता है। इसलिए सर्दी में दिल की बीमारियों के साथ हार्ट अटैक के केस भी बढ़ जाते हैं। दरअसल विंटर्स में लोगों का फिजिकल मूवमेंट घट जाता है। वो ठंड की वजह से बिस्तर नहीं छोड़ना चाहते। बाहर वॉक कम करते हैं। उनका यही आलस दिल पर खतरा बढ़ा देता है। इसके अलावा जो रेस्पिरेट्री प्रॉब्लमस झेल रहे हैं, उन्हें निमोनिया होने से भी हार्ट फेल के चांस 6 गुना बढ़ जाते हैं। वैसे सिर्फ सर्दी ही नहीं हर मौसम में दिल का याल रखना जरूरी है। दिल को तदुरुस्त बनाने के लिए 6-7 घंटे की नींद जरूर लें। इसके साथ ही रोज 30-40 मिनट योग, एक्सरसाइज जरूरी है ताकि हार्ट हेल्दी रहे।

डॉक्टरों के अनुसार हार्ट के लिए सबसे बडे दुश्मन हाई बीपी, मोटापा, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, आर्थराइटिस, यूरिक एसिड रहता है। हार्ट के लिए सुपर फूड, अलसी, लहसुन, दालचीनी, हल्दी है। अगर बीपी की समस्या दूर करनी है तो खूब पानी पीएं और टेंशन न लें। इसके अलावा जंक फूड न खाएं, अच्छी नींद लें। विशेषज्ञ चिकित्सको ने बताया कि ठंड बढ़ने पर सांस संबंधी एवं हार्ट के मरीजों की समस्या बढ़ जाती है। इस समय काफी मामले आ रहे हैं। हेल्दी लाइफस्टाइल और हेल्दी खाने से इससे बचा जा सकता है। बुजुर्ग खासकर ध्यान रखें कि वे सुबह देरी से टहलने जाएं। जिन्हें बीपी, सुगर की दवा चल रही है उसे छोड़े न। सबसे जरूरी यह है कि अगर किसी को हार्ट के आसपास तकलीफ है तो उसे गैस न मानें और तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।



झालावाड़ में अभिभाषक परिषद झालावाड़ के तत्वावधान में आयोजित हो रहे खेल सप्ताह के दूसरे दिन 100 व 200 मीटर रेस (40 वर्ष से कम व ज्यादा), साइकलिंग (7 किलोमीटर) का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान पर 100 मीटर व 200 मीटर में प्रथम स्थान पर असीम खान स्वादी, द्वितीय स्थान पर शशांक महेश्वरी रहे, 100 मी पुरुष वर्ग (40 वर्ष से अधिक) में प्रथम स्थान सौम्या परिहार, द्वितीय स्थान अविनाश गुप्ता व 100 मीटर महिला वर्ग में सादिका, 200 मी (40 वर्ष से अधिक) में प्रथम स्थान सौम्य परिहार, द्वितीय स्थान श्याम सिंह पवार ने हासिल किया। इसके बाद हुए साइकलिंग (7 किलोमीटर) के कड़े मुकाबले में शशांक माहेश्वरी ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान तंवर सिंह झाला ने हासिल किया। क्रीडा समिति के प्रभारी तंवर सिंह झाला ने बताया कि अभिभाषक परिषद झालावाड़ में चल रहे खेल सप्ताह में सभी अधिवक्ताओं की भागीदारी से जोश का माहौल है। अभिभाषक परिषद झालावाड़ के अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता व सचिव देशराज सिंह शक्तावत ने बताया कि आगामी होने वाले बैडमिंटन, केरम, क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर शामिल हुए अधिवक्तागणों का आभार व्यक्त किया गया।

कोटा स्टोन के व्यापारियों को स्लेरी डालने का अधिकृत स्थान मिला

कोटा, (निसं)। कोटा स्टोन की स्लेरी डालने को लेकर उपजे विवाद का समाधान हो गया है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने पार्षद को साथ सुभाष नगर क्षेत्र में सरकारी स्कूल के पास खाली स्थान पर स्लेरी खाली कर रहे डम्परों को रोक दिया था।

इस पर कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन को इस समस्या से अवगत कराया। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन को जैसे ही इस मामले का संज्ञान प्राप्त हुआ, वह तुरंत मौका स्थल पर पहुंचे एवं सम्पूर्ण विषय की जानकारी ली। इसके पश्चात कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के व्यापारियों के हित और आमजन के हित को देखते हुए सभी व्यापारियों के साथ रिको कोटा के कार्यालय पहुंचकर रिको लिमिटेड कोटा के वरिष्ठ महाप्रबंधक एमके शर्मा, रिजनल मैनेजर मनोज जैन के साथ व्यापारियों की कोटा स्टोन एवं सैंड स्टोन डंपिंग यार्ड की समस्या को लेकर वार्ता की।

रिको कार्यालय से भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने जिला कलक्टर को कोटा स्टोन सैंड स्टोन इंडस्ट्रीज व्यापारियों के डंपिंग यार्ड से संबंधित समस्या से अवगत करवाकर समस्या समाधान बाबत वार्ता की। रिको के अधिकारियों को रोड नंबर 5 पर स्थित पूर्व निर्धारित डंपिंग यार्ड और सात नंबर पर स्थित डंपिंग यार्ड को हाडोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज के व्यापारियों की स्लेरी के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

इस पर सभी व्यापारियों एवं भाजपा जिला अध्यक्ष की अगुवाई में रिको अधिकारियों ने पांच नंबर डंपिंग यार्ड में हो रहे अतिक्रमण को तुरंत हटवाया और व्यापारियों के हित में उन्हें पुनः डंपिंग यार्ड में मालवा स्लेरी डालने के लिए अधिकृत किया गया। हाड़ौती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, संरक्षक सुरेश मित्तल, अध्यक्ष सलाहकार बोर्ड आर एन गर्ग, आगामी अध्यक्ष रोहित सूद, पूर्व अध्यक्ष विकास जोशी, महासचिव रवि निमोदिया, उपाध्यक्ष रवि शर्मा इस पूरी कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहे।

अंत में सभी पदाधिकारी ने इस संपूर्ण समस्या के समाधान के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन को धन्यवाद दिया कि उन्होंने कोटा स्टोन सैंड स्टोन इंडस्ट्रीज के व्यापार के हित को देखते हुए उद्यमियों को होने वाली समस्या का तुरंत निराकरण करवाया।

जागरुकता मार्च निकाला

कोटा, (निसं)। भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में गैर-सरकारी संगठन सृष्टि सेवा समिति ने कोटा में बाल विवाह के खिलाफ 10 जागरूकता व शपथ-ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए।

इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीड़िताओं, महिलाओं, बच्चों व पुरुषों सहित 600 लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। सृष्टि सेवा समिति 250 से भी अधिक अग्रणी गैर-सरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) का सहयोगी हैं, जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा शुरू किए गए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए गैर-सरकारी संगठन सृष्टि सेवा समिति के जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह ने कहा, ''यह अभियान हमारे विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। देश की बच्चियों को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए बिना हम इस सपने को पूरा नहीं कर सकते और बाल विवाह इसमें सबसे बड़ी बाधा है।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी पक्षों को साथ लेकर चलने और बचाव-संरक्षण एवं अभियोजन नीति पर अमल के मंत्रालय के इस फैसले का हम स्वागत करते हैं।

19 रेलवे स्टेशनों के 21 स्टॉलों पर लोकल उत्पाद को बढ़ावा

कोटा, (निसं)। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विस्तार करते हुए कोटा मंडल के 19 रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान द्वारा डिजाईन किए गए 22 स्टॉल स्थापित किये गए है।

इस योजना के तहत स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटा मंडल में 21 स्टॉल एक स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे है। जिसके तहत भरतपुर-सरसों तेल एवं शहद, बयाना-मलाई लड्डू, हिंडौन सिटी-लाख का चूड़ी, श्रीमहावीर जी-जैन साहित्य, गंगापुर सिटी-खीरमोहन मिठाई, सवाई माधोपुर (2 स्टॉल)- टाईगर पेंटिंग एवं हस्त शिल्प उत्पाद, इंद्रगढ़ सुमेरगंजमंडी-बेसन के लड्डू, लाखेरी- गाय के दूध के उत्पाद, कोटा (2 स्टॉल)-कोटा डोरिया साड़ी एवं सूट, डकनिया तालाव-कोटा डोरिया साड़ी एवं सूट, रामगंजमण्डी-आंवला उत्पाद, भवानीमंडी-शहद, झालावाड़ सिटी-शहद, शामगढ़-हस्तनिर्मित मसालें, सुवासरा-संतरे, विक्रमगढ़ आलोट-जैन साहित्य, बून्दी-स्तनिर्मित पेंटिंग, बारां-मांगरोल खादी एवं छबड़ा गुगोर-धनिया एवं उसके उत्पाद की बिक्री की जा रही है।

वर्त्तमान में कोटा को छोड़कर सभी स्टेशनों पर इस योजना के तहत संचालित स्टॉल का संचालन अवधि को 15 दिन से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया गया है। इन स्टॉलो पर यात्रियों द्वारा लोकल प्रोडक्ट की खरीदारी करने का सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रहा है।

'दशहरा मेले के बाद लिए गए निर्णय मेले की सफलता पर सवालिया निशान लगा रहे हैं'

- आज की बैठक में यह बात स्पष्ट रूप से सामने आ गई
- महापौर राजीव अग्रवाल की भूमिका आश्चर्यचकित करने वाली रही

कोटा, (निसं)। मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में आयोजित राष्ट्रीय दशहरे मेले को लेकर निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णय के अनुसार सामने आ रहा है कि इस बार का राष्ट्रीय दशहरा मेला सफल नहीं रहा है। इस पूरे प्रकरण में महापौर राजीव अग्रवाल की भूमिका आश्चर्यचकित करने वाली रही है। वैसे पूरे कार्यकाल के दौरान राजीव अग्रवाल की छवि ईमानदार महापौर की रही है परंतु राष्ट्रीय दशहरा मेला आयोजन के दौरान महापौर राजीव अग्रवाल ने चुप्पी साधे रखी। वह मेले आयोजन को लेकर पूरी तरीके से उदासीन रहे।

राष्ट्रीय मेला आयोजन के पश्चात जब फाईल उनके पास भुगतान की अनुशंसा के लिए पहुंची तो उन्होंने फाईलों पर आपत्तियां लगाना शुरू कर दिया। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर महापौर को मेला आयोजन के दौरान कमियां नजर आ रही थी, तो उन्होंने आयोजन के दौरान इन्हें सुधारने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अब यह चर्चा भी हो रही है कि महापौर राजीव अग्रवाल किसी से प्रभावित होकर ऐसे निर्णय ले रहे हैं।

गुरुवार को आयोजित बैठक में विद्युत अनुभाग के कनिष्ठ अभियन्ता नवीन कुमार द्वारा राजकार्य में लापरवाही एवं उदासीनता को देखते हुए मुख्यालय के लिये रिलीव करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2024 में रामलीला प्रस्तुतिकरण वाली रामलीला मण्डली को कार्य में लापरवाही, महिलाओं के पात्रों का पुरूषों द्वारा अभिनय एवं रामलीला मंचन में प्रदर्शन की कमी को देखते हुए गत वर्ष 2023 के समान भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया।

पंजाबी कार्यक्रम में मुख्य गायक कलाकार परमीश वर्मा द्वारा मंच पर निर्धारित समय से 1.30 घण्टा देरी से आने, अनुबन्ध में प्रदर्शन के निर्धारित समय से कम मात्र 40 मिनिट की प्रस्तुति, देरी से आने के कारण जनाक्रोश से राजकीय सम्पत्ति यथा कुर्सियां, बेरीकेड, कारपेट इत्यादि का नुकसान एवं इन सब के कारण निगम की छवि धूमिल होने के कारण समिति द्वारा फर्म पर 30 प्रतिशत की शास्ती लगाई जाकर, शेष राशि का भुगतान किये जाने निर्णय लिया गया। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष एवं मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय मेला दशहरा-2024 के अन्तर्गत मेले का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

राजवंशी ने आश्वासन दिया कि आयोजन में यदि कुछ कमियां रह गई हो तो आगामी वर्ष में उनको दूर करने का पूर्ण प्रयास एवं सभी के मान-सम्मान का पूर्ण ध्यान रखा जायेगा। वर्ष 2024 में आयोजित मेले में विभिन्न अनुभागो द्वारा सम्पादित कराए गये कार्यों के भुगतान से सम्बंधित एजेंसियों द्वारा तकाजा किया जाता है।

सभी को समय पर भुगतान होना चाहिए। यदि समय पर भुगतान नहीं होगा तो कोई भी नवीन एजेंसी निविदाओं में भाग लेने की इच्छुक नहीं रहेगी, जिसके कारण पारदर्शी प्रतिस्पर्धा भी नही हो पाएगी। मेले में सम्पादित किये गये कार्यो के भुगतानों के संदर्भ में महापौर से विस्तृत चर्चा होने के उपरान्त मेला समिति द्वारा यह निर्णय लिये गये हैं। इसके पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई। बैठक में मेला समिति सदस्य योगेश आहलूवालिया, विजय लक्ष्मी प्रजापत, सोनू धाकड़, ज्ञानेन्द्र आमेरा, गिरिराज महावर, भगवती महावर, योगेन्द्र शर्मा, विवेक मित्तल, राकेश सुमन पुटरा, प्रमिला वर्मा, दक्षिण निगम आयुक्त अनुराग भार्गव, मेला अधिकारी जवाहर लाल जैन, अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश चन्द गोयल, मेला प्रभारी महावीर सिंह सिसोदिया, मुख्य लेखाधिकारी भवंरलाल अग्रवाल, उपायुक्त दयावती सैनी, सत्यनारायण राठौर, विधि अधिकारी सपना वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी रिचा गौतम, अधिशासी अभियन्ता ए.क्यू.कुरैशी, रविन्द्र कुमार सैनी, सचिन यादव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास, कार्यालय अधीक्षक हनुमान ओझा, जितेन्द्र बग्गा उपस्थित रहे।

कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई।